## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–25.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में सहमति नहीं, एनडीए की ओर से भाजपा सांसद ओम बिरला और विपक्ष की ओर से कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने भरा नामांकन, चुनाव कल।
- आपातकाल की 50वीं बरसी पर झारखंड समेत देशभर में भाजपा ने मनाया काला दिवस, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर बताया काला धब्बा।
- राज्यभर में आज से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरु, 24 जुलाई तक चलने वाले अभियान के दौरान जोड़े जायेंगे नये मतदाता।
- राजधानी रांची समेत राज्य भर में तीन दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।
- जमशेदपुर में अखिल भारतीय दिव्यांग शतरंज टूर्नामेंट शुरु, तीन दिनों तक चलने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 68 खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिरला एनडीए की ओर से लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार होंगे, जबकि विपक्ष इंडी गठबंधन ने इस पद के लिए कांग्रेस के सांसद के.सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया है। दोनों उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद के लिए आज अपना नामांकन भरा। अध्यक्ष का चुनाव कल होगा। इससे पहले, सरकार और विपक्ष इस पद के लिए आम सहमति तक पहुंचने में असफल रहे है। देश में यह पहला मौका है जब लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1975 के आपातकाल का विरोध करने वाले महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने आज कहा कि यह दिन याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर दिया और भारत के संविधान को कुचल दिया जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया वह मानसिकता उस पार्टी में आज भी जीवित है।

*******************

आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर भारतीय जनता पार्टी ने आज काला दिवस मनाया। इस अवसर पर राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जमशेदपुर के मानगो में इस दौरान एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी ने किया। इस मौके पर उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा थोपा गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा है।

*******************

झामुमो ने भ्रष्टाचार के मुद्दे प भाजपा पर पलटवार किया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आज रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि झारखंड सरकार पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाने वाली भाजपा खुद भ्रष्टाचार में डुबी हुई है। उन्होंने इस मसले पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास को आड़े हाथों लिया।

*******************

राजधानी रांची में आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पार्टी की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात भी शामिल हुईं। इस दौरान झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए वृंदा करात ने आरोप लगाया कि लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर सत्ता पक्ष ने संसदीय परंपरा का निर्वाह नहीं किया। नियमानुसार डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिया जाना चाहिए।

*******************

झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी शुरु कर दी गयी है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज से मतदाता पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत हो गयी है, जो कि 24 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत नये मतदाता जोड़े जाएंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कुछ दिन पहले ही जिला निर्वाचन

पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक मे कई दिशा निर्देश दिये थे। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 27 और 28 जुलाई को विशेष अभियान चलेगा। इसके तहत 85 वर्ष से अधिक उम्र, दिव्यांग, आश्रय गृह में रहने वालों को मतदाता बनाने के लिए अलग–अलग दिन अभियान चलाया जायेगा।

*******************

हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र की दनुवा घाटी में बड़ी सड़क दुर्घटना हुई है। यहां पांच गाड़ियों की आपस में टक्कर होने से तीन लोगं की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बचाव कार्य शुरु कर दिया है। घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

*******************

रांची के अलग–अलग इलाकों से पुलिस ने ब्राउन शुगर के कारोबार से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर भी बरामद किया गया है।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में अगले वर्ष मार्च तक सभी घरों में पाइप लाइन के जरिये जलापूर्ति बहाल कर दी जायेगी। निगम प्रशासक आलोक कुमार ने दावा किया कि सीतारामपुर डैम फिल्टर प्लांट निर्माण की बाधा को वन विभाग से दूर कर लिया गया है।

*******************

लोहरदगा जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र के सढाबे पंचायत अंतर्गत टाटी गांव में बीती रात हाथियों के झुंड ने कई घरों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान हाथियों ने किसानों की फसल भी बर्बाद कर दी। जंगली हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

*******************

गुमला जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देश के आलोक में निपुण समागम के तहत टीएलएम मेला का लगाया गया। इस मेले में जिले के चयनित 100 शिक्षकों के द्वारा केजी से कक्षा तीन तक के बच्चों के बीच खेल–खेल में पढ़ाई से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किये गये। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने स्टॉलों का निरीक्षण किया और कार्यक्रम की सराहना की।

*******************

हजारीबाग के केरेडारी प्रखण्ड के लोचर गांव में घरेलू उत्पाद से कार्बनिक बायोडीएपी खाद बनाया जा रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

राज्य में अगले तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ओर से इस संबंध में येलो अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 26 जून, 28 जून और 29 जून को राज्य के अलग–अलग हिस्सों में बारिश होगी। 26 जून को राज्य के उत्तर–पूर्वी एवं दक्षिण–पूर्वी भागों में कहीं–कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि 28 जून को झारखंड के उत्तर–पश्चिमी और मध्य भागों में कुछ जगहों पर भारी बारिश होने का अनुमान है। भारी बारिश का यह दौर 29 जून को भी जारी रहेगा। इस दिन झारखंड के कम से कम 6 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

जमशेदपुर में टाटा स्टील का चौथा अखिल भारतीय दिव्यांग शतरंज टूर्नामेंट आज से शुरू हो गया है। चार दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर के 68 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन कुल तीन राउंड के खेल हुए। उसके बाद अगले तीन दिनों तक दो–दो राउंड खेले जाएंगे।

*******************

लोहरदगा जिले में 63वीं प्री सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता आज से शुरु हो गया है। 27 जून तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का उदघाटन जिले के उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने किया। मौके पर कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन और टीम भावना के साथ– साथ प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ाता है।

*********समाप्त*********